*वॉल्यूम 17*

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

हमारे विद्यार्थियों के प्रति वचनबद्धता और समर्पण का प्रदर्शन करने के लिए धन्यवाद। कल स्कूल डिस्ट्रिक्ट में मेरा 100वां दिन था और DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट की अधीक्षक होने पर मुझे बहुत गर्व है। पिछले कुछ महीनों में वैश्विक महामारी से लड़ने के दौरान मुझे संपूर्ण डिस्ट्रिक्ट में आंतरिक और बाहरी हितधारकों से अपने प्यारे समुदाय के बारे में बहुत कुछ जानने को मिला है और यह अनुभव मेरे लिए सुखद रहा है।

मेरी इच्छा है कि मैं अपने अंदर की शक्तियों के उपयोग से और मुझे दिए गए अवसरों का लाभ उठाते हुए शैक्षिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए विद्यार्थियों के अपने समुदाय को प्रेरित करने की DCSD की परिकल्पना को दिशा देना चाहती हूँ ताकि हमारे इस सुंदर और विविध समुदायों में रहने वाले हमारे सभी सुंदर और होनहार विद्यार्थी DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट स्नातक के लिए हमारी परिकल्पना को हासिल करने में अपनी पूरी काबिलीयत से काम करें।

इस गाँव का हिस्सा बनने और प्रेरणा पाने, उपलब्धि हासिल करने और उत्कृष्टता पाने की दिशा में आगे बढ़ने में इस शक्तिशाली डिस्ट्रिक्ट के शानदार चैम्पियनों और न्यायपरस्त योद्धाओं के साथ काम करने का मौका देने के लिए DCSD का बहुत-बहुत धन्यवाद। कृपया अधिक जानकारी के लिए अधीक्षक का कॉर्नरपर जाएं।




जैसा कि आप जानते हैं, 9 अक्तूबर को हमने वापसी की इच्छा फॉर्म वितरित किए और अब समय सीमा को बढ़ा कर 30 नवंबर, 2020 कर दिया गया है। इस फॉर्म को पूरा कर, माता-पिता/अभिभावक प्रत्येक बच्चे के लिए अपनी पसंद चुन सकते हैं। हमारा स्कूल हाइब्रिड मॉडल में वापस लौटने या दूरस्थ/सुदूर शिक्षा व्यवस्था में रहने की इच्छा

रखने वाले परिवारों के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए माता-पिता वापसी की इच्छा फॉर्म में भरे गए विवरण का उपयोग करता है।

**हाइब्रिड शिक्षा (व्यक्तिगत और दूरस्थ/सुदूर शिक्षा का संयोजन):**

- हाइब्रिड शिक्षा मॉडल को उन परिवारों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो अपने बच्चों को दूरस्थ/सुदूर शिक्षा के संयोजन में व्यक्तिगत, स्कूली वातावरण में वापस भेजने में सहज महसूस करते हैं।

**दूरस्थ/सुदूर शिक्षा मॉडल:**

- दूरस्थ/सुदूर शिक्षा मॉडल उन परिवारों के लिए बनाया गया है, जो इस समय अपने बच्चों को आमने-सामने की शिक्षा के लिए स्कूल भेजने में असहज महसूस करते हैं। विद्यार्थी स्कूल द्वारा प्रदान किए गए वर्चुअल फॉर्मैट में घर से सीखना जारी रखेंगे।

आपके बच्चे के आगमन पर सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने और दूरस्थ शिक्षा जारी रखने के लिए पर्याप्त तैयारी वास्ते, हम चाहते हैं कि सभी माता-पिता हमारे स्कूलों में पढ़ रहे सभी बच्चों के लिए सर्वेक्षण फॉर्म जमा करे।

आपके बच्चे के लिए सर्वेक्षण प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं करने की स्थिति में, मान लिया जाएगा कि आपका बच्चा हाइब्रिड व्यवस्था में शिक्षा पाने के लिए वापस लौट रहा है। सर्वेक्षण फॉर्म 30 नवंबर, 2020 को बंद कर दिया जाएगा। कृपया सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए यहाँ क्लिक करें:
https://dekalb.co1.qualtrics.com/jfe/form/SV_cO7CQFP10BWfwuF




## COVID-19 ताज़ा जानकारी

Georgia जन स्वास्थ्य विभाग (GDPH) द्वारा की गई गणना के अनुसार समुदाय में महामारी के प्रसार स्तर दो सप्ताह की अवधि में प्रति 100,000 नागरिक 100 मामलों के "उल्लेखनीय प्रसार" बेंचमार्क से लगातार ऊपर उठते जा रहे हैं। कल तक, DeKalb काउंटी के लिए GDPH द्वारा बताई गई संख्या 270 थी। DeKalb काउंटी में प्रसार स्तर पर ताज़ा जानकारी के लिए, कृपया यहाँ जाएं: https://dph.georgia.gov/covid-19-daily-status-report. इस संख्या में वृद्धि काफी चिंता का विषय है और डिस्ट्रिक्ट रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC) के अनुसार सुरक्षा युक्तियाँ और महत्वपूर्ण तथ्य लगातार साझा करता रहेगा। इस आधार पर, कृपया शिक्षकों और बैंड विद्यार्थियों की ओर से वेव देम बाउज़ म्यूज़िक वीडियो देखें जो महामारी के दौरान सुरक्षित रहने को बढ़ावा दे रहे हैं।

CDC के अनुसार मास्क पहनने से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य इस प्रकार से हैं:

यदि आपके आसपास अन्य लोग हैं तो मास्क से अपना मुंह और नाक ढकें

- बीमार महसूस नहीं करने पर भी आप दूसरों को COVID-19 से संक्रमित कर सकते हैं।
- यदि आप संक्रमित हैं तो मास्क के जरिए अन्य लोगों की रक्षा की जा सकती है।
- सभी लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर और ऐसे लोगों के बीच में मास्क पहनने चाहिए जो आपके परिवार का हिस्सा नहीं हों, खासकर जब सोशल डिस्टेन्सिंग के अन्य उपायों का पालन कठिन हो।

○ मास्क का उपयोग 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों, सांस की तकलीफ से पीड़ित, बेहोश, अपाहिज या अन्यथा सहायता बिना मास्क उतारने में असमर्थ लोगों द्वारा नहीं किया जाना चाहिए।

- स्वास्थ्यकर्मी द्वारा उपयोग के लिए बने मास्क का उपयोग नहीं करें। वर्तमान में, सर्जिकल मास्क और N95 रेस्पिरेटरों की आपूर्ति सीमित है और इनका उपयोग स्वास्थ्यकर्मियों और अन्य प्रथम प्रतिसाददाताओं द्वारा किया जाना चाहिए।
- स्वयं और दूसरों के बीच 6 फीट की दूरी बनाए रखें। मास्क पहनने के बावजूद सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करें।




**<u>अश्वेत जीवन कीमती है कार्यवाही सप्ताह 2020</u>**

डिस्ट्रिक्ट में DeKalb स्कूल कार्यवाही सप्ताह 2020 में अश्वेत जीवन कीमती है को भारी सफलता प्राप्त हुई। DeKalb काउंटी शेरिफ़ Melody Maddox, Stewart फ़ाउंडेशन के Hank Stewart, Georgia राज्य विश्वविद्यालय के Dr. Thomas McBryde, Dr. Ghody Muhammad, और Scholastic के Dr. Haggen सहित हमारे वक्ताओं के समर्थन और ताकतवर प्रस्तुतियों के लिए मैं बहुत आभारी हूँ। उन विद्यार्थियों और परिवारों के लिए जल्द ही हम वीडियो साझा करेंगे जो इस प्रेरणादायक सप्ताह में भाग लेने से चूक गए। कृपया YouTube पर @dekalbschools पर विज़िट करें।

BLM सप्ताह के दौरान, मैं अपने होनहार विद्यार्थियों को देखकर हतप्रभ रह गई जिन्होंने नस्लीय अन्याय और दुनिया और उसके निवासियों पर उसके प्रभाव के बारे में बहुत तल्लीनता के साथ चिंताशील विचार प्रस्तुत किए। अपने विद्यार्थियों द्वारा विरासत बनाने और दुनिया को एकजुट करने का वादा करने की योजना पर उनके विचार सुनकर बहुत मज़ा आया। DCSD शिक्षा बोर्ड और डिस्ट्रिक्ट के लीडरों का धन्यवाद जिन्होंने BLM सप्ताह को सफल बनाने के लिए खूब मेहनत की। हमारी इच्छा है कि अपने सुंदर विविध पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को सशक्त

बनाने के लिए इस आंदोलन को जारी रखा जाए। कृपया माय ब्रदर्स कीपर नामक राष्ट्रीय पहल के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संपर्क बनाए रखें, जिसके तहत दूसरे मूल के लड़कों और युवकों को मिलने वाले अवसरों में कमी को दूर करने और सभी युवा अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन करने देने के उपाय किए जाते हैं। DCSD का लक्ष्य है DCSD के सभी 137 स्कूलों में चैप्टर स्थापित करना।

**समुदाय सहभागिता**

इस सप्ताह टाउन हॉल में उपस्थित सभी हितधारकों का धन्यवाद – केंद्रीय कार्यालय, बस ड्राइवर, और स्कूल आधारित कर्मचारी। स्कूल फिर से और सुरक्षा के साथ खोलने के लिए इस प्रकार की बातचीत हमारे लिए अहम होती है।

यह सप्ताह हमने अपने शानदार परिवारों और माता-पिता के साथ खूब धूमधाम और जानकारी के साथ मनाया है। वर्चुअल माता-पिता और परिवार सशक्तिकरण सम्मेलन में वर्चुअल सूचना सत्रों के साथ-साथ डिजिटल संसाधन, विक्रेता, आदि प्रदान किए गए थे। भाग लेने के लिए आपका धन्यवाद और उसके साथ ही, हमारे विद्यार्थियों का समर्थन करने के लिए हमारे परिवारों को सशक्त बनाना हमारी शीर्ष प्राथमिकता है! वर्चुअल माता-पिता और परिवार सशक्तिकरण सम्मेलन पर अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे देखें।

अंत में, मुझे यह बताते हुए भूत खुशी हो रही है कि डिस्ट्रिक्ट को सकारात्मक क्रेडिट रेटिंग प्राप्त हुई है और इसे संभव बनाने में स्टाफ के समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हैं। हमारे बेहतरीन समाचार को पढ़ने के लिए यहाँ विज़िट करें: DCSD को Moody’s इंवेस्टर्स सर्विसेज़ से मिली सकारात्मक रेटिंग।

कामना करती हूँ कि DCSD परिवार के साथ पतझड़ ऋतु की आपकी छुट्टियाँ बेहतरीन हों और कृपया स्कूल फिर से खुलने के संबंध में ताज़ा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://www.dekalbschoolsga.org/school-reopening/ पर विज़िट करें।

आपकी #1 चीयरलीडर,

Cheryl Watson-Harris